दूरभाष : 8920677655
ई–मेल : cecivilmrtpvvnl@gmail.com
CIN: U31200UP2003SGC027458

कार्यालय
**मुख्य अभियन्ता (जानपद)**
पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लि0
विक्टोरिया पार्क, मेरठ

पत्रांक : /मु0अ0जा0वि0/मेरठ/अनुमोदन दिनांक

## कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा अधीक्षण अभियन्ता (जानपद) वितरण, मेरठ से प्राप्त एवं संस्तुत निम्नलिखित कार्य सम्बन्धी प्रस्ताव पर प्रबन्ध निदेशक महोदय द्वारा प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।

| क्र0 सं0 | जानपद खण्ड/मण्डल | टिप्पणी संख्या एवं दिनांक | कार्य का संक्षिप्त विवरण | लागत (रू0 लाख में) (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) | वित्त पोषण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वि0जा0वि0मं0, मेरठ | पत्रांक 350 दिनांक 28.07.2022 | हाईडिल कालोनी, विक्टोरिया पार्क, मेरठ स्थित आवास सं0–Type-I/16 से Type-I/28 (13 अदद आवास) तक के मकानों की छत का ट्रीटमेन्ट एवं जल भराव रोकने हेतु फर्श उठाने के कार्य के सम्बन्ध में। | 18.47 | अनुरक्षण मद |
| | | | **कुल योग** | **18.47** | |

**उपरोक्त अनुमोदन निम्न के प्रतिबन्धाधीन होगाः**

1. सक्षम समिति द्वारा कार्य/क्रय के आवंटन का निर्णय आमंत्रित ई–निविदा में प्राप्त न्यूनतम दरों की औचित्यता /युक्तियुक्तता के परिपेक्ष्य में सुनिश्चित किया जायेगा।
2. क्रय/कार्य का वित्त पोषण उपरोक्त सारणी के अनुसार सुनिश्चित किया जायेगा एवं सम्बन्धित कार्य हेतु स्वीकृति अनुसार पर्याप्तता/समौचित्य सुनिश्चित किया जायेगा।
3. यह सुनिश्चित किया जायेगा कि यथा प्रदत्त अनुमोदन से अनुशंसित कार्य अथवा किसी पूर्व प्रदत्त अनुमोदन की द्विरावृत्ति नही हो रही है।
4. कार्य/क्रय की प्रगति से इस कार्यालय को भी अवगत कराना सुनिश्चित किया जायेगा।
5. कार्य का ऑकलन सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत करने के उपरान्त ही निविदा कार्य/क्रय समिति को प्रस्तुत की जाये।
6. अधीक्षण अभियन्ता (जानपद) द्वारा वर्ष 2022–23 के बजट में प्राविधान सुनिश्चित किया जायें।

मुख्य अभियन्ता (जानपद)

पत्रांक : 914 /मु0अ0जा0वि0मेरठ/अनुमोदन दिनांक 06-08-2022

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित। ई–मेल द्वारा**

1. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत जानपद वितरण मण्डल, मेरठ को टिप्पणी तथा आदेश की छायाप्रति सहित।
2. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत जानपद वितरण खण्ड, मेरठ को टिप्पणी तथा आदेश की छायाप्रति सहित एवं इस निर्देश के साथ प्रेषित कि रख–रखाव का विधिवत रिर्कोड रखना सुनिश्चित करेंगे।

6/8/22

(रविन्द्र सिंह ढाका)
मुख्य अभियन्ता (जानपद)

# टिप्पणी तथा आदेश



पत्रांकः–350 / वि0जा0वि0खं0 / मेरठ / प्रस्ताव    दिनांकः–28-07-22

विषयः–हाइडिल कालोनी विक्टोरिया पार्क, मेरठ स्थित आवास सं0 **Type-I/16 से Type-I/28** (13 अदद् आवास) तक के मकानो की छत का ट्रीटमेन्ट एवं जल भराव रोकने हेतु फर्श उठाने के कार्य के सम्बन्ध में।

निदेशक (कार्मिक एवं प्रबन्धन) / (वित्त) / प्रबन्ध निदेशक, प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ।

संज्ञान में लाना है कि हाइडिल कालोनी विक्टोरिया पार्क, मेरठ स्थित आवास सं0 Type-I/16 से Type-I/28 तक आवास लगभग 40 वर्ष से अधिक पुराने होने के कारण उक्त भवनो की छतो में वर्षा होने पर छतो में से वर्षा का जल आवासो के अन्दर आता है। सीपेज के कारण छत का प्लास्टर नीचे से गिर रहा है। इसके अतिरिक्त आवासो के सम्मुख सडक का तल ऊंचा होने के कारण वर्षा होने पर वर्षा का जल उक्त आवासो में लगभग 01 फीट ऊंचाई तक भर जाता है जिसके फलस्वरूप उक्त आवासो में अध्यासित कर्मचारियो को काफी समस्या का सामना करना पडता है (फोटोग्राफ संलग्न)।

उक्त सभी कर्मचारियों ने प्रार्थना पत्र के द्वारा इस कार्यालय को उपरोक्त सभी समस्याओ से अवगत कराया है (छायाप्रति संलग्न)। उपरोक्त कार्यो को कराने हेतु एक प्रांकलन तैयार किया गया जिसमें निम्न विवरणानुसार रू0 18.47 लाख (यथा अनुमन्य वस्तु एवं सेवाकर अतिरिक्त) का व्यय आनां सम्भावित है। उक्त कार्य अनुरक्षण मद में किया जाना प्रस्तावित है।

आपको यह भी अवगत कराना है कि उक्त कार्यो को ई–निविदा के माध्यम में कराने में लगभग 2–3 माह का समय लगेगा। अतः चालित अनुबन्ध के माध्यम से इस कार्य को कराना उचित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मात्रा | दर | अनुमानित व्यय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | टाईप प्रथम आवासो में छत का ट्रीटमेन्ट, फर्श उठाने से सम्बन्धित जानपदीय कार्य | 13 नग | 1,42,084.37 | रू0 18,47,097.00 |
| | | | योग | रू0 18,47,097.00 |
| | | | अर्थात | रू0 18.47 लाख |

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त कार्यो को कराने हेतु रू0 18.47 लाख (यथा अनुमन्य वस्तु एवं सेवाकर अतिरिक्त) का वित्तीय एवं प्रशासनिक अनुमोदन "अनुरक्षण मद" में देते हुयें ई–निविदा आमंत्रित करने का अनुमोदन भी प्रदान करना चाहें।

28/7/22
(मुनीन्द्र कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वि.जा.वि.मं., मेरठ

27/07/2022
(शिव कुमार यादव)
उपखण्ड अधिकारी
वि.जा.वि.उ.खं.–प्रथम, मेरठ

प्रस्तुत
28/7/22
(रविन्द्र सिंह ढाका)
मुख्य अभियन्ता (जानपद)
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
मेरठ

Complete over tendering

29/7/22

As proposed
03/8/22

निदेशक (का0 एवं प्र0)
प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ

महोदय,

उपरोक्त कार्य के सम्बन्ध में कार्मिकों से प्राप्त मकान से सम्बन्धित धनराशि, जो कि वेतन मद से कटौती की जा रही है, उक्त धनराशि से आवासों के मरम्मत सम्बन्धित कार्यों को किया जाना समाचीन होगा।

5/8/22

AO(F)

उपरोक्त प्रस्ताव का अनुमोदन चाहा। भुगतान हेतु 'A' का भी अनुमोदन करना उचित होगा।